DR. Parihar U. Molchand
2.10.2020

## आयुक्तालय कालेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर

क्रमांक :प.8 (विविध)/एनएसएस/अकाद/19/1212 दिनांक : 1 अक्टूबर, 2020

प्राचार्य,
समस्त राजकीय/निजी महाविद्यालय,
राजस्थान।

विषयः— कोरोना के विरूद्ध जन आन्दोलन बाबत।

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि राजस्थान में वैश्विक महामारी कोरोना वायरस (COVID-19) तेजी से फैल रहा है जिसकी रोकथाम के लिए माननीय मुख्यमंत्री श्रीमान अशोक गहलोत जी के निर्देशानुसार महाविद्यालयों में संचालित एन.एस.एस., एन.सी.सी., स्काउट्स, राष्ट्रीय कैडेट कोर, स्वयंसेवको के माध्यम से निम्नानुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करें —

1. महाविद्यालय में कार्यरत शिक्षकों, अध्ययनरत छात्रो एवं एन.एस.एस., एन.सी.सी., स्काउट्स, राष्ट्रीय कैडेट कोर से सम्बद्ध सभी अधिकारियों, स्वयंसेवकों को **शपथ** दिलायी जावे कि वे बिना मास्क के घर से बाहर नहीं निकलेंगे।
2. नो मास्क नो एन्ट्री पहल की पालना सुनिश्चित करें।
3. सोशल डिस्टेन्सिंग की पालना सुनिश्चित करें।
4. कोरोना प्रभावित क्षेत्रों में धारा 144 निषेधाज्ञा की पालना सुनिश्चित करें।
5. कोरोना से बचाव के लिए बार—बार हाथ धोना।

साथ ही जिला कलेक्टर के निर्देशन में कोविड—19 से संबंधित प्लेकार्ड्स/पेंटिंग्स/ड्राइंग्स तैयार करवायी जाकर उनका प्रदर्शन सार्वजनिक स्थानों पर किया जायेगा, जिससे आम नागरिक को कोविड—19 से जुड़े खतरों को पहचानें व उससे बचने के उपायों के प्रति सजग रहें। इसके अतिरिक्त छात्र—छात्राएं घनी आबादी वाले क्षेत्रों, गरीब बस्तियों, गोद लिये हुये गांवों, सार्वजनिक स्थानों यथा बाजार, बस स्टैण्ड, बैंक, रेलवे स्टेशन इत्यादि में मास्क पहनने के फायदे बतायेंगे तथा निःशुल्क मास्क वितरण भी करेंगे। साथ ही सी.एस.आर. से **"नो मास्क नो एन्ट्री"** के स्टीकर्स प्राप्त कर उन्हें सार्वजनिक स्थानों, सार्वजनिक यातायात के साधनों जैसे बसे, ट्रेन, टैक्सी, ऑटो आदि पर चिपकायेंगे। कोविड से लड़ाई अस्पताल से बाहर प्रत्येक गांव, गली और सड़क पर भी अत्यन्त आवश्यक है। इन सभी छात्र—छात्राओं व अधिकारियों को उनके सामाजिक दायित्व में सक्रिय भूमिका निभाने के लिये तैयार करना प्रासंगिक है। सभी एन.सी.सी., एन.एस.एस. व स्काउट की इकाईयां एवं प्रभारी अधिकारी जिला कलेक्टर की कार्ययोजना के अनुसार सक्रिय भागीदारी निभायेंगे।

उपरोक्त वर्णित कार्यक्रम का आरम्भ समस्त जिलों में जिला कलेक्टर के निर्देशन में दिनांक 02 अक्टूबर 2020 से किया जायेगा।

(बाबूलाल गोयल)
अतिरिक्त आयुक्त

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु —

1. जिला कलेक्टर (समस्त) राजस्थान।
2. निजी सचिव, मंत्री, उच्च शिक्षा राजस्थान, जयपुर।
3. निजी सचिव, शासन सचिव, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा, जयपुर।
4. निजी सचिव, आयुक्त, कालेज शिक्षा, राजस्थान जयपुर
5. संबंधित जिला समन्वयक को पालनार्थ।
6. वेब प्रभारी, आकाशि, जयपुर अपलोड करने हेतु ।

(डॉ० दीपक मेहरा)
संयुक्त निदेशक (अकादमिक)

पत्र-प्राप्ति
क्रमांक 144
दिनांक 02/10/2020

General Letter10/1/2020

राजकीय महाविद्यालय शिवगंज (जिला–सिरोही) राजस्थान 307027

## कोरोना महामारी जन जागरण

### शपथ

मैं शपथ लेता हूँ/लेती हूँ कि मैं स्वयं अपने कार्य स्थल/सार्वजनिक स्थानों पर मास्क पहनूंगा/पहनूंगी।

मैं स्वयं व्यक्तिगत तौर पर इस राष्ट्रीय अभियान से जुडकर कोरोना महामारी के विरुद्ध मास्क पहनने के लिए अपने परिवार, मित्रों तथा जन समुदाय को जागरुक करुंगी/करुंगा।

कार्यालय प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय शिवगंज (जिला–सिरोही) राजस्थान 307027

दिनांक 05-10-2020

# प्रेस नोट

## कोरोना महामारी के विरुद्ध जन जागरण शपथ

आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राज. जयपुर के आदेशो की अनुपालना में आज महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनो इकाईयो के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय के अधिकारियो/कर्मचारियो और विद्यार्थियो को सार्वजनिक स्थानो पर अनिवार्य रुप से मास्क पहनने व अपने परिवार, मित्रो व समाज को मास्क पहनने के संबंध में जागरुक किये जाने की शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. एन.एस देवडा द्वारा कोरोना महामारी के विरुद्ध जन जागरण शपथ दिलवाई जिसमें एन.एस. एस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. परिहार उर्मिला मूलचंद व श्री सुनील वर्मा एवं समस्त संकाय संदस्य, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

प्राचार्य
संघवी मातुश्री पुरीबाई भूरमलजी जैन
राजकीय महाविद्यालय
शिवगंज, जिला–सिरोही (राज.)



राज० पत्रिका 10 अक्टूबर

06 अक्टूबर

शिवगंज. संघवी पूरीबाई भूरमल जैन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा के आदेशों की अनुपालना में राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाईयों के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय अधिकारियों, कर्मचारियों व विद्यार्थियों ने सार्वजनिक स्थानों पर अनिवार्य मास्क पहनने व अपने परिवार, मित्रों व समाज को मास्क पहनने के लिए जागरुक किए जाने की शपथ ली। इस मौके प्राचार्य डॉ एन एस देवडा ने कोरोना महामारी के विरूद्ध जन जागरण की सभी को शपथ दिलाई। कार्यक्रम में कार्यक्रम अधिकारी डॉ परिहार उर्मिला मूलचंद व सुनिल वर्मा सहित समस्त संकाय सदस्य, कर्मचारी व विद्यार्थी उपस्थित थे।

शिवगंज. संघवी पूरीबाई भूरमल जैन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाईयों के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय आपदा कोरोना महामारी के विरूद्ध शहर के प्रमुख मार्गो से जनजागरण रैली निकाली गई। प्राचार्य डॉ. एन एस देवड़ा ने बताया कि जनजागरूकता रैली में शामिल स्वयंसेवकों एवं स्वयंसेविकाओं ने शहर के सब्जीमंडी, बस स्टेंड, पंचायत समिति व सार्वजनिक पुस्तकालय क्षेत्र में लोगों को कोरोना महामारी को लेकर जागरुक किया तथा मास्क पहनने की अनिवार्यता को समझाते हुए रैली निकाली। इस दौरान जगह जगह पर नो मास्क नो एन्ट्री के पोस्टर चस्पा किए गए। इस मौके पर उपखंड अधिकारी भागीरथराम चौधरी ने भी विद्यार्थियों को कोरोना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही 18 वर्ष की आयु वाले सभी विद्यार्थियों को अपना नाम मतदाता सूची में जुडवाने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी महेन्द्र कुमार राजपुरोहित, कार्यक्र म अधिकारी डॉ परिहार उर्मिला मूलचंद, सुनील वर्मा, पुस्तकालयाध्यक्ष सोमप्रसाद साहिल आदि ने सहयोग किया।

s

Dr. Parihar Urmila Moolchand
30-9-2020

राजस्थान सरकार

**आयुक्तालय कालेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर**

क्रमांक :प.8 (विविध) / एनएसएस / अकाद / 19 / 1197 दिनांक :29 सितम्बर, 2020

प्राचार्य,
समस्त राजकीय / निजी महाविद्यालय,
राजस्थान।

विषय:— "नो मास्क नो एन्ट्री" जन जागरण पखवाड़ा आयोजित करने बावत्।

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि राजस्थान के माननीय मुख्यमंत्री श्रीमान अशोक गहलोत जी की **"नो मास्क नो एन्ट्री"** की पहल को आमजन के हित में एक जनांदोलन में परिवर्तित करने के उत्तरदायित्व भाव से राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों, राष्ट्रीय कैडेट कोर के छात्र, सैनिकों, स्काउट्स के रोवर्स व रेंजर्स एवं शहरी निकायों के पार्षद, पंचायत राज के जन प्रतिनिधि इत्यादि को सक्रिय रूप से इस अभियान में सम्मिलित करते हुए दिनांक 2 अक्टूबर 2020 राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती से 17 अक्टूबर, 2020 तक जन जागरण पखवाडा आयोजित किया जायेगा।

शिक्षकों, एन.एस.एस., एन.सी.सी. व स्काउट से सम्बद्ध सभी अधिकारियों व छात्र—छात्राओं को प्रतिदिन जनजागरण पखवाडे में सक्रिय योगदान देना होगा। अधिकारियों के निर्देशन में कोविड—19 से संबंधित प्लेकार्ड्स / पेंटिंग्स / ड्राइंग्स तैयार करवायी जाकर उनका प्रदर्शन सार्वजनिक स्थानों पर किया जायेगा जिससे आम नागरिक कोविड—19 से जुडे खतरों को पहचानें व उससे बचने के उपायों के प्रति सजग रहें। इसके अतिरिक्त छात्र—छात्राएं घनी आबादी वाले क्षेत्रों, गरीब बस्तियों, गोद लिये हुये गांवों, सार्वजनिक स्थानों यथा बाजार, बस स्टैण्ड, बैंक, रेलवे स्टेशन इत्यादि में मास्क पहनने के फायदे बतायेंगे तथा निःशुल्क मास्क वितरण भी करेंगे। साथ ही सी.एस.आर. से **"नो मास्क नो एन्ट्री"** के स्टीकर्स प्राप्त कर उन्हें सार्वजनिक स्थानों, सार्वजनिक यातायात के साधनों जैसे बसे, ट्रेन, टैक्सी, ऑटो आदि पर चिपकायेंगें। कोविड से लड़ाई अस्पताल से बाहर प्रत्येक गांव, गली और सड़क पर भी अत्यन्त आवश्यक है। इन सभी छात्र—छात्राओं व अधिकारियों को उनके सामाजिक दायित्व में सक्रिय भूमिका निभाने के लिये तैयार करना प्रासंगिक है। इस हेतु एक नोडल अधिकारी की देखरेख में सभी एन.सी.सी., एन.एस.एस. व स्काउट की इकाईयों को कार्ययोजना के अनुसार सक्रिय भागीदारी निभाने के लिये न केवल प्रेरित किया जायेगा बल्कि उनकी गतिविधियों की निरन्तर मॉनिटरिंग भी की जायेगी।

सभी को यह भी निर्देशित किया जाता है कि वे अपने स्तर पर गाने / विडियोज तैयार करवाकर उन्हें सोशल मिडिया के माध्यम से प्रचारित करेगें। इसके अलावा जागरूकता के पर्चे छपवाकर उन्हें अधिक से अधिक लोगों को बांटने का भी काम करेगें। **"नो मास्क नो एन्ट्री"** जन आंदोलन को एन.एस.एस. के जिला समन्वयकों एवं जन सम्पर्क अधिकारी के माध्यम से स्थानीय समाचार पत्रों में प्रचार प्रसार करवायेगें। इस अभियान को सरकार के पॉच विभाग यथा उच्च व तकनीकी शिक्षा, स्कूल शिक्षा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, नगर निकाय विकास विभाग एवं युवा एवं खेल मंत्रालय विभाग के समन्वित प्रयासों से कार्य योजना तैयार करके मूर्त रूप दिया जायेगा। इनके साथ—साथ राजीव गांधी स्टडी सर्कल, नेहरू युवा केन्द्र, राजस्थान शिक्षक कांग्रेस व अन्य शिक्षक संगठनों का भी इसमें पूर्ण सहयोग प्राप्त किया जायेगा।

उपरोक्त वर्णित कार्यक्रम दिनांक 02 अक्टूबर 2020 से 17 अक्टूबर 2020 तक "नो मास्क नो एन्ट्री" जनजागरण पखवाड़े का आयोजन किया जायेगा। जिसके अन्तर्गत किये जाने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा निम्नानुसार है —



135
30/9/2020

कार्यालय प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय शिवगंज (जिला–सिरोही) राजस्थान 307027

दिनांक 30/9/20

## आवश्यक सूचना

एन.एस.एस की दोनो इकाईयों के संयुक्त तत्वावधान में ''नो मास्क नो एन्ट्री'' जन जागरण पखवाडा मनाया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत 2 अक्टूम्बर 2020 को पोस्टर व स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। अतः ज्यादा से ज्यादा स्वयं सेवक व सेविका अपनी भागीदारी सुनिश्चित करे।

एन.एस.एस कार्यक्रम अधिकारी
(डॉ. परिहार उर्मिला मूलचंद)

प्राचार्य
प्राचार्य
सं.फ.पु.पूजन राजकीय महाविद्यालय

सं.मा.पू.भू.जैन, राजकीय महाविद्यालय शिवगंज (जिला–सिरोही) राजस्थान 307027

दिनांक :

# प्रेस नोट

## कोविड 19 से बचाव एवं सुरक्षा की शपथ ली

निदेशालय राष्ट्रीय सेवा योजना, नई दिल्ली के आदेश की पालना में दोपहर 1:00 बजे महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. एन.एस. देवडा ने समस्त संकाय सदस्यो, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवको को कोविड19 से स्वयं एवं अपने साथियों के बचाव एवं सुरक्षा हेतु सार्वजनिक स्थानो पर अनिवार्य रुप से मास्क पहनने, अन्य व्यक्तियो से 6 फीट की दूरी बनाए रखने, नियमित अंतराल में साबुन से हाथ धोने और मिलजुल कर कोरोना के विरुद्ध जंग जीतने की शपथ दिलवायी। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. परिहार उर्मिला मूलचंद ने कोरोना महामारी के विरुद्ध जन जागरण पखवाडे के अंतर्गत स्वयंसेवको को अधिक सेस अधिक संख्या में जुडकर आपदा प्रबन्धक में सहयोग देने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम अधिकारी श्री सुनील वर्मा ने ''नो मास्क नो एन्ट्री'' के संदेश को गांव–गांव तक पहुचाने के लिये स्वयंसेवको को प्रोत्साहित किया।

प्राचार्य

सं.मा.पू.भू.जैन राजकीय महाविद्यालय, शिवगंज

## प्रेस नोट

रूकता • कोरोना बचाव के लिए मास्क पहनने एवं सोशल डिस्टेंस रखने की अपील की

# शिक्षकों को 'नो मास्क-नो एंट्री' की दिलाई शपथ

भास्कर न्यूज | शिवगंज

संक्रमण से बचाव की जानकारी दी। इसी क्रम में राजकीय महाविद्यालय में गुरुवार को शपथ कार्यक्रम का आयोजन रखा गया। इसमें प्राचार्य डॉ. नरपत सिंह देवड़ा ने सभी संकाय सदस्यों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों को कोरोना महामारी से स्वयं एवं अपने साथियों के बचाव एवं सुरक्षा के लिए सार्वजनिक स्थानों पर अनिवार्य रूप से मास्क पहनने एवं अन्य व्यक्तियों से 6 फीट की दूरी बनाए रखने, नियमित अंतराल में साबुन से हाथ धोने की सलाह दी। सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. परिहार उर्मिला ने कोरोना महामारी के खिलाफ जनजागरण पखवाड़े के तहत स्वयंसेवकों को अधिक से अधिक संख्या में जुड़ कर आपदा प्रबंधन में सहयोग देने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम अधिकारी सुशील वर्मा ने नो मास्क नो एंट्री के संदेश को गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए सभी सेवकों को प्रोत्साहित किया।

दैनिक भास्कर - 09/10/2020

## सं.मा.पू.मू.जैन. राजकीय महाविद्यालय, शिवगंज, जिला – सिरोही

दिनांक 18.12.2021

### आवश्यक सूचना

महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई प्रथम व द्वितीय के सूचिनुसार चयनित स्वयं सेवक व सेविकाओं को सूचित किया जाता है कि एन.एस.एस के विशेष सात दिवसीय शिविर का आयोजन दिनांक 22.12.2021 (बुधवार) से दिनांक 28.12.2021 तक गोद ली बस्ती रेबारी वास बडगांव व महाविद्यालय परिसर में किया जायेगा। अतः सभी स्वंय सेवक एवं सेविकाऐं महाविद्यालय के परिसर में अपनी उपस्थिति अनिवार्य रूप से दे।

समय – प्रातः 8:00 बजें

संलग्न –

1. एन.एस.एस इकाई प्रथम की सूची
2. एन.एस.एस इकाई द्वितीय की सूची

प्राचार्य
सं.मा.पू.मू.जैन राजकीय महाविद्यालय, शिवगंज

कैलाश चन्द्र परमार

कार्यक्रम अधिकारी यूनिट प्रथम

Deeksha Meena

दीक्षा मीना

कार्यक्रम अधिकारी यूनिट द्वितीय

स.मा.पू.भू.जैन राजकीय महाविद्यायल शिवगंज जिला सिरोही 307027

दिनांक – 23.12.2021

# प्रेस–नोट

## "एन.एस.एस शिविर में कोराना जागरूकता रैली का आयोजन"

राजकीय महाविद्यालय शिवगंज में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत आयोजित किए जा रहे सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन कोराना महामारी एवं विभिन्न सामाजिक कुरितियों के प्रति समाज में जागरूगता पैदा करने के उद्देश्य से स्वयं सेवको द्वारा रैली का आयोजन किया गया।

महाविद्यालय परिसर में प्राचार्य डॉ. नरपतसिंह देवडा द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रैली को रवाना किया गया। तत्पश्चात रैली हिरागर वाडी गोकुल वाडी, शीतला चौक होते हुए बड़गांव स्थित रेबारियों के मोहल्ले में जाकर समाप्त हुई। रैली में स्वयं सेवको ने पूरे जोश से दो गज दुरी – मास्क है जरूरी, बेटी बचाओ – बेटी पढाओं, रक्त दान – महादान, लोकतन्त्र को बचाना है – वोट देने जाना है इत्यादी नारे लगाते हुए जनजागृति का प्रयास किया।

तत्पश्चात स्वयं सेवको ने कार्यक्रम अधिकारी कैलाश चन्द्र परमार व सुश्री दीक्षा मीना के निर्देशन में गोद ली हुई बस्ती रेबारियों का वास बड़गांव में घर – घर जाकर विभिन्न परिवारों का सामाजिक एवं आर्थिक सर्वेक्षण किया तथा पुनः महाविद्यालय लौटकर प्राप्त सूचनाओं का विश्लेषण किया। स्वयं सेवको ने भोजन अवकाश के पश्चात् महाविद्यालय परिसर में श्रमदान एवं पौधा को पानी पिलाने का कार्य भी किया।

प्राचार्य

प्राचार्य

स.मा.पू.भू.जैन राजकीय महाविद्यालय, शिवगंज




M B S
1095

दैनिक भास्कर

सुमेरपुर-शिवगंज भास्कर 24-12-2021

# स्वयंसेवकों ने कोरोना को लेकर जागरूकता रैली निकाली, गोद ली बस्ती में श्रमदान किया

भास्कर न्यूज़ | शिवगंज

राजकीय महाविद्यालय शिवगंज में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन कोरोना महामारी एवं सामाजिक कुरीतियों के प्रति समाज में जागरूकता के लिए स्वयं सेवकों ने रैली निकाली। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एनएस देवड़ा ने सुबह साढ़े दस बजे हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली महाविद्यालय से रवाना होकर बाजार, हीरागर वाड़ी, गोकुलवाड़ी, शीतला माता चौक, बडगांव स्थित रेबारियों वास समेत विभिन्न आवासीय मोहल्लों से गुजरी। जिसमें स्वयं सेवकों ने कोरोना महामारी एवं विभिन्न सामाजिक कुरीतियों के प्रति समाज में जागरूकता पैदा की। रैली में स्वयं सेवकों ने दो गज दूरी जरूरी, मास्क है जरूरी, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, रक्त दान-महादान, लोकतंत्र को बचाना है, वोट देने जाना है, के नारे लगवाए एवं आमजन में जागृति लाई। रैली के समापन बाद स्वयं सेवकों ने कार्यक्रम अधिकारी कैलाश चंद्र परमार व दीक्षा मीना के निर्देशन में गोद ली हुई बस्ती रेबारी वास बडगांव में घर-घर जाकर लोगों का सामाजिक एवं आर्थिक सर्वेक्षण किया तथा पुनः महाविद्यालय लौटकर प्राप्त हुई सूचनाओं का विश्लेषण किया। स्वयं सेवकों ने भोजन अवकाश के पश्चात महाविद्यालय परिसर में श्रमदान एवं पौधों को पानी पिलाया।



शिवगंज. स्वयं सेवकों ने कोरोना जागरूकता रैली निकाली।